# इंदौर की तर्ज पर विकसित होंगे 10 शहर

▸ जन्माष्टमी पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा

अनौपचारिक कैबिनेट में सीएम डॉ. यादव ने कहा



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 29 जुलाई. प्रदेश के कम से कम 10 शहर इंदौर की तर्ज पर विकसित होंगे. ये शहर स्वच्छता के मामले में इंदौर को रोल मॉडल मानेंगे और उसी तरह की कार्य योजना बनाएंगे, जिससे कि ये शहर भी देश में अव्वल आएं.**

यह बात मंगलवार को विधानसभा परिसर में अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों से कही. मुख्यमंत्री ने स्वच्छता के मामले में इंदौर सहित दूसरे शहरों के भी अव्वल आने पर बधाई दी. इस दौरान मुख्यमंत्री ने नागपंचमी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि जन्माष्टमी के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 26 एवं 27 जुलाई को रीवा में वाइल्ड लाइफ और ऑफबीट डेस्टिनेशन पर केन्द्रित रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में 80 से अधिक प्रमुख टूर ऑपरेटर्स ने शिरकत की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रमुख निवेशकों ने रीवा और शहडोल और संभाग में 3 हजार करोड़ रूपए से अधिक के निवेश की इच्छा जताई. इस अवसर पर 15 करोड़ 60 लाख रूपए लागत के शहडोल फूड क्रॉफ्ट इंस्टीट्यूट का लोकार्पण किया गया. चित्रकूट में 27 करोड़ रूपए के आध्यात्मिक विकास कार्यों का शिलान्यास भी हुआ. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि रीवा के वेंकट भवन का संरक्षण इंदिरा गांधी कला केंद्र के माध्यम से कराया जाएगा, जिस पर लगभग 20 करोड़ रूपए का व्यय होगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बतायाकि मंडला, डिंडौरी, सिंगरौली, सीधी और सिवनी में कला और शिल्प केंद्रों के निर्माण के लिए ग्राम सुधार समिति, एम.एम. फाउंडेशन और समर्थ संस्था के साथ एमओयू किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 11 से 13 अक्टूबर तक भोपाल में मप्र ट्रैवल मार्ट का आयोजन किया जाएगा. इस उद्देश्य से प्रदेश के पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए पर्यटन क्षेत्र के हितधारकों जैसे होटल मालिकों, रिसोर्ट मालिक, परिवहन ऑपरेटरों, ट्रैवल टूर ऑपरेटरों को अपने पर्यटन उत्पादों के प्रचार-प्रसार और व्यावसायिक चर्चा के लिए एक मंच प्रदान करना है.

> प्रदेश में जारी रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव, मप्र ट्रैवल मार्ट की पूर्व तैयारियों के रूप में आयोजित किए जा रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के प्रमुख झरनों और मंदसौर के धर्मराजेश्वर जैसी विलक्षणता लिए स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जायेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागपंचमी के संदर्भ में महाकालेश्वर मंदिर की महिमा और पचमढ़ी स्थित नागद्वारी के लिए मध्यप्रदेश और महाराष्ट्रवासियों में विद्यमान आस्था के संबंध में चर्चा की.

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण
(पत्तन योजना एवं विकास विभाग)

INDIA'S LARGEST CONTAINER PORT
जनेप प्राधिकरण JNPA
DEVELOPED INDIA MISSION

लघु ई-निविदा सूचना

निविदा क्रमांक: जेएनपीए/पीपीडी/लैंड/टी-34/2025, दिनांक 28.07.2025

जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण (जेएनपीए), नवी मुंबई द्वारा दिनांक **30.07.2025 से 09.09.2025** के दौरान ऐसी अनुभवी और प्रतिष्ठित संस्थाओं से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं, जो न्यूनतम पात्रता मापदंड (एमक्यूसी) को पूर्ण करती हों। यह निविदा "एक चरण दो लिफाफा प्रणाली (तकनीकी एवं मूल्य प्रस्ताव) और ई-नीलामी प्रक्रिया" के तहत निम्नलिखित कार्य के लिए आमंत्रित की जा रही है: **"जवाहरलाल नेहरू पोर्ट में तरल भंडारण सुविधाओं के लिए 0.50 हेक्टर (प्लॉट क्र. जी-12) जमीन एवं संपत्ति को, भूमि प्रबंधन नीति 2015 (तथा 10.12.2024 तक बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अंतर्गत) के अनुसार, 30 वर्षों की नई दीर्घकालीन लीज़ पर प्रदान करने हेतु ई-निविदा-सह-ई-नीलामी के माध्यम से आवंटित किया जाएगा।"** निविदा शुल्क ₹23,600/- (जो वापस नहीं किया जाएगा) है। विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज जेएनपीए की वेबसाइट www.jnport.gov.in या https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर उपलब्ध है।

**मुख्य महाप्रबंधक**
**(पत्तन योजना एवं विकास विभाग)**

# एसजीएसआईटीएस के 5 कोर्स को मिली 2028 तक मान्यता

**भोपाल, 29 जुलाई. उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने प्रदेश के इंदौर स्थित श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (एसजीएसआईटीएस) के पांच स्नातक पाठ्यक्रमों को एक साथ राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) द्वारा वर्ष 2028 तक प्रत्ययित होने की महत्वपूर्ण एवं गौरवपूर्ण उपलब्धि मिलने पर तकनीकी शिक्षा विभाग एवं संस्थान परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं.**

मंत्री परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में सतत् नवीन आयाम स्थापित कर रही है. राज्य सरकार, विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगार मूलक तकनीकी शिक्षा प्रदान करने की दिशा में प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है.

मंत्री परमार ने कहा कि एसजीएसआईटीएस संस्थान, तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आदर्श संस्थान के रूप में अभिप्रेरणा का केंद्र बन रहा है. यह मान्यता छात्रों, शिक्षकों और संस्थान के लिए गौरव का क्षण है. यह उपलब्धि न केवल हमारे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करती है, बल्कि संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली की भी पुष्टि करती है.

> इंदौर स्थित श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (एसजीएसआईटीएस), वर्ष 1952 में स्थापित प्रदेश के सबसे पुराने, विश्वसनीय एवं प्रतिष्ठित तकनीकी शिक्षण संस्थानों में से एक है. राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) ने संस्थान में विद्युत अभियांत्रिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन अभियांत्रिकी, सूचना प्रौद्योगिकी, यांत्रिक अभियांत्रिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार अभियांत्रिकी स्नातक पाठ्यक्रमों को मान्यता प्रदान की है. यह मान्यता शैक्षणिक सत्र 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के साथ-साथ 2025-26, 2026-27 और 2027-28 तक के लिए 30 जून 2028 तक प्रभावी रहेगी.

## एक नजर में

### साथी पोर्टल पर मानक बीज उपलब्ध

**भोपाल.** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा है कि प्रदेश में केंद्र सरकार के मापदंड अनुसार किसानों को खरीफ फसलों की बोवनी के लिए साथी पोर्टल पर मानक बीज उपलब्ध कराया गया है. फसलों के अच्छे उत्पादन के लिए बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा मानक बीज का प्रमाणीकरण कार्य निरंतर किया जा रहा है. कृषि मंत्री कंषाना ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना संचालित है. योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कृषकों द्वारा ई-कृषि यंत्र पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किये जा सकते हैं. इसी तरह नलकूप खनन योजना का लाभ भी किसानों को मिल रहा है. योजना अंतर्गत पात्र कृषकों के आवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है.

### एसीएस गुप्ता को विदाई डॉ. कोठारी का स्वागत

**भोपाल.** राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता को स्थानांतरण पर राजभवन के जवाहर खंड में भावभीनी विदाई दी गई. नवागत प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी का आत्मीय स्वागत भी किया गया. इस अवसर पर गुप्ता ने राजभवन में अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए और अधिकारियों की कार्यकुशलता एवं विभिन्न आयोजनों की जिम्मेदारी सफलतापूर्वक निभाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया. उन्होंने राजभवन में बिताए समय को अविस्मरणीय बताया.

# उज्जैन में बनेंगे दो नए 132 केवी एक्स्ट्रा हाईटेंशन सब-स्टेशन

**भोपाल, 29 जुलाई. ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि सिंहस्थ-2028 के सफल आयोजन के दृष्टिगत मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) उज्जैन में अपनी पारेषण प्रणाली को सुदृढ़ कर रही है.**

ट्रांसमिशन लाइनों के विस्तार के साथ-साथ दो नए 132 केवी एक्स्ट्रा हाईटेंशन सब-स्टेशनों का निर्माण और मौजूदा सब-स्टेशनों की क्षमता वृद्धि की जा रही है, जिससे आयोजन के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके. मंत्री तोमर ने बताया कि तैयारियों के पहले चरण में दो नए सबस्टेशनों का निर्माण और साथ ही कुछ मौजूदा सबस्टेशनों की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है.

इनमें से एक सब-स्टेशन, त्रिवेणी बिहार, उज्जैन में स्थापित किया जा रहा है, जो प्रदेश का चौथा तथा उज्जैन का पहला जीआईएस (गैस इंसुलेटेड स्विचगियर) सब-स्टेशन होगा. इस सब-स्टेशन को 220के व्ही जैतपुरा (इंदौर )और उज्जैन से विद्युत आपूर्ति प्राप्त होगी. दूसरे 132 केवी सब-स्टेशन का निर्माण चिंतामन, उज्जैन में किया जा रहा है, जिसे विद्युत आपूर्ति के लिए चार स्रोत 220 केवी उज्जैन, चंद्रवतीगंज, देपालपुर एवं गौतमपुरा—से जोड़ा जाएगा.

# नकली डीएपी खाद से भरा ट्रक जब्त

## 92 बोरी अमानक उर्वरक, ग्रामीणों की सतर्कता से खुला मामला

**रायसेन,29 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में नकली खाद और कालाबाजारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रायसेन जिले के ग्राम बागोद में एक बड़ी कार्रवाई की गई.**

ग्रामीणों की सतर्कता और प्रशासन की तत्परता से नकली डीएपी खाद से भरा ट्रक पकड़ा गया, जिसमें कुल 92 बोरियां अमानक उर्वरक पाई गईं. जानकारी के अनुसार, 24 जुलाई को गांव में एक ट्रक के जरिए बड़ी मात्रा में खाद पहुंचाई जा रही थी. ग्रामीणों को खाद की गुणवत्ता पर संदेह हुआ, जिस पर उन्होंने तुरंत प्रशासन को सूचना दी. सूचना मिलते ही कृषि विभाग और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ट्रक को रोककर जांच की. मौके पर 92 बोरियों के सैंपल लिए गए, जिन्हें प्रयोगशाला भेजा गया. भोपाल स्थित प्रयोगशाला की जांच में सामने आया कि खाद के सैंपल मानकों पर खरे नहीं उतरे. इस पर प्रशासन ने खाद सहित ट्रक को जब्त करते हुए पंचनामा तैयार किया और सलामतपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई.



प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, नकली खाद बेचने की यह कोशिश किसी बड़े रैकेट का हिस्सा हो सकती है. आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनसे पूछताछ जारी है. ग्रामीणों की सतर्कता के कारण समय रहते बड़ी धोखाधड़ी टल गई. प्रशासन ने ऐसे मामलों की सूचना तत्काल देने की अपील की है.

# विस में गूंजा किताबों पर लूट का मुद्दा

## कांग्रेस विधायक अजय सिंह बोले- प्रदेश में शिक्षा माफिया हावी

▸ बाल अधिकार कानून और मानवाधिकारों का हनन बताया

**भोपाल, 29 जुलाई. विधान सभा में कांग्रेस विधायक अजय सिंह 'राहुल' ने मंगलवार को स्कूली शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए.**



ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उन्होंने निजी स्कूलों की मनमानी, किताबों की लूट, बस्तों का बोझ और अवैध फीस वृद्धि जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरा.

अजय सिंह ने एनसीईआरटी की पुस्तकें दिखाकर पूछा कि जब सरकार खुद एनसीईआरटी को अनिवार्य कर रही है, तो निजी स्कूल महंगे पब्लिकेशन की किताबें क्यों थोप रहे हैं?

फीस एक्ट 2017 के प्रावधानों का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि कोई भी स्कूल यदि सत्र शुरू होने से 90 दिन पूर्व निर्धारित जानकारी नहीं देता और उसका मुनाफा 15त्न से अधिक है, तो वह फीस नहीं बढ़ा सकता.

उन्होंने कहा कि कई स्कूल फीस एक्ट में निर्दिष्ट मदों से अलग भी वसूली कर रहे हैं और पोर्टल पर जरूरी जानकारी तक अपलोड नहीं की गई है. शिक्षा के नाम पर कमीशनखोरी और किताबों के नाम पर की जा रही वसूली को बाल अधिकार कानून और मानवाधिकारों का हनन बताया. कांग्रेस विधायक ने मांग की कि सरकार इन माफियाओं पर तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई करे और शिक्षा को व्यापार बनने से रोके.

# विपक्ष ने विस में भैंस के आगे बजाया बीन

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 29 जुलाई. विधानसभा सत्र के दूसरे दिन विधानसभा परिसर में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने भैंस के आगे बीन बजाने का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया. यह विरोध प्रदर्शन भाजपा सरकार की संवेदनहीनता और जनहित के मुद्दों पर उसकी चुप्पी के खिलाफ था. कांग्रेस के पोहरी से विधायक कैलाश कुशवाहा भैंस के गेटअप में पहुंचे थे.**



इस दौरान सिंघार ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि भाजपा सरकार अब पूरी तरह संवेदनहीन हो चुकी है. जैसे भैंस के आगे बीन बजाई जाए तो वह न तो सुनती है, न ही प्रतिक्रिया देती है, ठीक उसी तरह यह भाजपा सरकार भी विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे गंभीर और जनहित से जुड़े सवालों पर मौन है. उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार भैंस की तरह निष्क्रिय हो चुकी है. इसे न युवाओं के रोजगार की चिंता है न ही किसानों की फिक्र. जनता महंगाई से जूझ रही है, युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं, किसान अपने हक के लिए आंदोलन कर रहे हैं, ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण अब तक नहीं मिला,

> लाड़ली बहनों से 3000 रु. का वादा अधूरा है, लेकिन सरकार है कि आंख मूंदकर बैठी है, न सुनती है, न बोलती है, न हल निकालती है. नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अगर सरकार जनहित से जुड़े इन सवालों का जवाब नहीं देना चाहती तो वह लोकतंत्र के साथ भद्दा मज़ाक कर रही है.

# भोपाल में रोजगार मेला आज, होंगे साक्षात्कार

**भोपाल.** भोपाल जिला रोजगार कार्यालय ईदगाह हिल्स में 30 जुलाई को प्रातः 11 बजे से युवा संगम रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा. इसमें एसबीआई लाइफ, एलआईसी, आदित्य बिरला, वर्धमान प्रालि, स्वीगी सहित 13 प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी. इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण-पत्र और बायोडाटा सहित साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों. चयन कंपनियों की शर्तों पर होगा. अतः समस्त जानकारी साक्षात्कार के समय कंपनी से प्राप्त करें.

# ओंकारेश्वर बाँध के 14 गेट खोले, 6068 क्यूमेक्स पानी छोड़ा

▸ डाउनस्ट्रीम में ग्रामीणों को से नदी किनारों से दूर रहने की अपील



**खंडवा, नर्मदानगर, ओंकारेश्वर. प्रदेश में हो रही लगातार बारिश से नर्मदा नदी का जल स्तर बढ़ रहा है. खंडवा जिले में पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बारिश के बीच खंडवा में पांच इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई है. इसके बाद मंगलवार को दोपहर साढ़े तीन बजे ओंकारेश्वर डैम के गेटों की संख्या बढ़ाकर 14 कर दी गई. इससे पहले 9 गेट से पानी छोड़ा जा रहा था.**

मंगलवार को क्षेत्र में लगातार बारिश होती रही. इससे नदी का जल स्तर लगातार बढ़ता रहा. पावर स्टेशन के बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ प्रभारी ने बताया कि मंगलवार को दोपहर 2 बजे से अपस्ट्रीम में स्थित इंदिरा सागर बांध के 12 गेट खोले. इन गेटों से लगभग 4236 क्यूमेक्स एवं पावर हाउस से 1840 क्यूमेक्स सहित कुल 6076 क्यूमेक्स पानी छोड़ा. इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को दोपहर 3.30 बजे से ओंकारेश्वर बाँध के 14 रेडियल गेटों से लगभग 4172 क्यूमेक्स एवं पावर हाउस से 1896 क्यूमेक्स सहित कुल 6068 क्यूमेक्स पानी छोड़ा. बाँध के डाउनस्ट्रीम में जनसामान्य की सुरक्षा की दृष्टि से ग्रामीणों को सूचित किया गया है कि नदी के किनारों से दूर रहें और आवश्यक सावधानी रखें.

इंदिरा सागर पावर स्टेशन से आज दोपहर 2 बजे के बाद पानी का डिस्चार्ज बांध से बढ़ा दिया गया है आज 12 गेटों को डेढ़ मीटर की ऊंचाई तक कर दिया गया है जिससे पानी का डिस्चार्ज बांध से 4200 क्यू मैक्स जा रहा है एवं विद्युत गृह से उत्पादन कर 1840 क्यू मैक्स जा रहा है. करीब 6000 क्यूमेंकस पानी का डिस्चार्ज निचले स्तर पर जा रहा है, बांध का जलस्तर 259 मीटर पहुंच गया है. हंडिया तरफ से पानी की आवक करीब 6500 कयूमैक्स बनी हुई है.

पश्चिम रेलवे - भावनगर मंडल

**विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य**
**निविदा सं: 132-2025-26 से 134-2025-26**

| सं | ई-निविदा सं. | कार्य का नाम | निविदा मूल्य(रु.) | EMD रु. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 132-2025-26 | डीईएन (पूर्व) भावनगर के अधिकार क्षेत्र में चूड़ा, रानपुर, आलमपर, उजालवाव और वढवाण सिटी में डेड एंड पर अतिरिक्त लूप लाइनें प्रदान करना। | 8,56,19,392.94 | 5,78,100.00 |
| 2 | 133-2025-26 | साबरमती-बोटाड खंड: कोठ गंगाड - लोथल भुरखी रेलवे स्टेशन के बीच किमी 88/3-4 पर आरयूबी (आकार 2 x 4.0 x 4.0 मीटर) का निर्माण। | 7,30,19,938.10 | 5,15,100.00 |
| 3 | 134-2025-26 | खिजड़िया-धारी खंड (एमजी खंड): स्वीकृत कार्य के सामने उपकर पर 50 मिमी आकार की मशीन क्रश्ड स्टोन गिट्टी की आपूर्ति। भावनगर मंडल: दो वर्षों के लिए हॉपर वैगन में लोडिंग सहित 50 मिमी आकार की मशीन क्रश्ड स्टोन गिट्टी की आपूर्ति। | 1,46,08,019.20 | 2,23,100.00 |

**उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए: बोली प्रारंभ तिथि:** 05/08/2025 **बोली समाप्ति तिथि:** 19/08/2025 एनआईटी रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in पर दिनांक - 28/07/2025** को अपलोड कर दी गई है। BVP 087

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

## नाग पंचमी ▸ रात 12 बजे मंदिर के पट खोलने के साथ ही दर्शन शुरू

# महाकाल के नागचंद्रेश्वर दर्शन के लिए 2 किमी लंबी कतार

**उज्जैन, 29 जुलाई. नाग पंचमी पर उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के शिखर पर विराजित श्री नागचंद्रेश्वर महादेव के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ी. सोमवार रात 12 बजे मंदिर के पट खोलने के साथ ही दर्शन शुरू हो गए, जो मंगलवार रात 12 बजे तक निरंतर जारी रहे.**



इस दौरान मंदिर परिसर के बाहर करीब 2 किलोमीटर लंबी कतार लग गई. हर घंटे श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई. प्रशासन के अनुसार, शाम 6 बजे तक 6 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे. महानिर्वाणी अखाड़े के महंत विनीत गिरि महाराज द्वारा प्रथम पूजन के बाद रात 1 बजे से आम दर्शन की शुरुआत हुई. भारी बारिश के बावजूद श्रद्धालु उत्साह के साथ कतार में खड़े रहे और जयकारों के साथ दर्शन करते रहे. श्रद्धालु सोमवार सुबह से उज्जैन पहुंचने लगे थे. दिन में महाकाल की श्रावण की तीसरी सवारी देखने के बाद रात को पट खुलने पर नागचंद्रेश्वर के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया.

VASTU HOUSING FINANCE

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

यूनिट 203 और 204, द्वितीय तल, "ए" विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सिवरी (पश्चिम), मुंबई 400015. महाराष्ट्र। सीआईएन नं.: U65922MH2005PLC272501

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित। इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता (बंधककर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक हैं, जिनका भौतिक कब्जा वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें इसके पश्चात वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रूप में संदर्भित किया जाएगा। सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से "जहां है, जैसा है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। इसके द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

| स. क्रं. | खाता संख्या और नाम उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, बंधककर्ता | दिनांक और राशि धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस और भौतिक कब्जे की तिथि के अनुसार | संपत्ति/संपत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य, बयाना राशि जमा (रु. में) | ई-नीलामी की तिथि और समय, ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि, निरीक्षण तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HL0000000129743 बब्लू पनवार (उधारकर्ता), प्रमिला बाई पंवार (सह-उधारकर्ता), दिनेशपटवार पनवार (सह-उधारकर्ता) | मांग सूचना दिनांक 20-सितंबर-24 और राशि रु. 527813, 16-सितंबर-24 यथास्थिति+ ब्याज लागत आदि और 30-मई-25 | Ph नंबर 41, ख. नंबर 67, वार्ड नंबर 16, ग्राम फत्यापुर, तहसील धरमपुरी जिला धार, मध्य प्रदेश 454449, माप 920 वर्ग फुट (85.50 वर्गमीटर)। | रु. 900000/- रु. 90000/- | 28-08-2025 समय: सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक, 27-08-2025 से शाम 5:00 बजे तक, 14-08-2025 |

1. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर जाएँ। ई-नीलामी से संबंधित विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (ऑक्शनटाइगर) से संपर्क कर सकते हैं; पताः मुख्यालयः बी-705, वॉल स्ट्रीट II, ओरिएंट क्लब के सामने, गुजरात कॉलेज के पास, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद - 380 006 गुजरात (भारत)। संपर्क व्यक्तिः श्री राम शर्मा, संपर्क संख्याः 8000023297/9265562818/9265562821/079-6813/6842/6869। ईमेल आईडीः ramprasad@auctiontiger.net, support@auctiontiger.net
2. नियम व शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया ई-नीलामी में भाग लेने हेतु https://sarfaesi.auctiontiger.net पर जाएं।
3. संपत्ति के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया प्राधिकृत अधिकारी योगेश सिंह चौहान से संपर्क करें, संपर्क सूत्रः 9713056444

**यह सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत एक वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना भी है।**

दिनांक : 30.07.2025
स्थान : धार

अधिकृत अधिकारी
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7390/60